पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मकर संक्रांति पर राजभवन में खाद्यान्न वितरित किया

अयप्पा मंदिर जाकर दर्शन किये

लखनऊः 14 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक व उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक ने आज मकर संक्रांति के अवसर पर राजभवन उद्यान के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आटा, चावल, दाल, गुड़, तिल व अन्य खाद्य सामग्री वितरित किया तथा राजभवन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मकर संक्रांति की बधाई दी।

राज्यपाल मकर संक्रांति के अवसर पर गोमती नगर स्थित अयप्पा मंदिर में आयोजित मकर ज्योति पूजा में सम्मिलित हुए। उन्होंने मंदिर परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी।

श्री नाईक ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयप्पा मंदिर आकर लगा जैसे केरल के किसी मंदिर में आये हों। भारतीय संस्कृति अद्वितीय है। अलग-अलग वेश-भूषा, खान-पान, भाषा व संस्कृति के होते हुए भी हम एक हैं। मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग नाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति व पर्व हमें एकता व सौहार्द का संदेश देते हैं।